# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय डिण्डौरी (म.प्र.)

पता – अमरकंटक रोड़ महावीर टोला (कूड़ा) डिण्डौरी जिला– डिण्डौरी (म.प्र.)
Email - gpcdindori10266@gmail.com Website - www.gpcdindori.org

क्र./शैक्ष./स्था./2019/1367 /डिण्डौरी,दिनांक 06-07-2019

## गेस्ट फैकल्टी हेतु विज्ञापन

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय डिण्डौरी म.प्र. में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिये विद्यार्थियो के शिक्षण सत्र 2019–20 (उपसत्र जुलाई से दिसम्बर 2019) के पठन–पाठन की समुचित व्यवस्था हेतु रिक्त व्याख्याता पदों के विरूद्ध मेंहमान प्रवक्ताओं के पैनल बनाने की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित आवेदन पत्र में स्वयं के सत्यापित दस्तावेज फोटो सहित दिनांक 16.07.2019 को सायं 5 बजें तक संस्था में व्यक्तिगत/डाक द्वारा जमा करें। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त आवेदनों को मान्य नही किया जावेगा। उम्मीदवारो का चयन निर्धारित अर्हता,उच्च योग्यता एवं अनुभव के अंको के आधार पर होगा। उम्मीदवारों की मैरिट सूची दिनांक 18.07.2019 को संस्था के सूचना पटल,उम्मीदवारों कें ई–मेल एवं संस्था के Website - **www.gpcdindori.org** पर अपलोड की जावेगी। उम्मीदवारों को पृथक से डाक द्वारा सूचित नही किया जावेगा।

**ब्रांच एवं विषयवार पदों की संख्या निम्नानुसार है।**

| क्र. | ब्रॉच | पदों की संख्या | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | सिविल इंजी. | 05 | सिविल इंजी. में स्नातक (प्रथम श्रेणी में बी.ई/बी.टेक. उपाधि) |
| 2 | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी. | 02 | कम्प्यूटर साइस एण्ड इंजी./आई.टी. में स्नातक (प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक उपाधि) |
| 3 | मैकेनिकल इंजी. | 01 | मैकेनिकल इंजी. या समकक्ष शाखा में स्नातक (प्रथम श्रेणी में बी.ई/बी.टेक. उपाधि) |
| 4 | आटोमोबाईल इंजी. | 01 | आटोमोबाईल इंजी. या समकक्ष शाखा में स्नातक (प्रथम श्रेणी में बी.ई/बी.टेक. उपाधि) |
| 5 | अंग्रेजी | 01 | अंग्रजी में स्नातकोत्तर उपाधि (प्रथम श्रेणी में ) |
| 6 | भौतिक शास्त्र | 01 | भौतिक शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि (प्रथम श्रेणी में ) |
| 7 | रसायन शास्त्र | 01 | रसायन शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि (प्रथम श्रेणी में ) |
| 8 | गणित | 01 | गणित में स्नातकोत्तर उपाधि (प्रथम श्रेणी में ) |

**नोट :–** उक्त पैनल बनाने की प्रक्रिया मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश क्रमांक 1070/2166/2018/42/1 भोपाल, दिनांक 30.06.2018 के संदर्भ में प्राप्त आगामी निर्देशो के अध्याधीन रहेगी ।

**शर्ते :-**

1. मेंहमान व्याख्याताओं की रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि संस्था के आवश्कतानुसार की जा सकती है।
2. मेंहमान व्याख्याता को शिक्षकीय कार्य हेतु प्रति कालखण्ड हेतु 400/– ( चार सौ रूपये) की दर से मानदेय अधिकतम तीन कालखण्ड प्रतिदिन प्रदाय किया जा सकेगा।
3. उपरोक्त रिक्तियों हेतु अजा./अजजा./अपिव के उम्मीदवारों को आरक्षण तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार है।
4. अनुभव हेतु केवल शासकीय पॉलीटेक्निक एवं शासकीय इंजी.कालेज का शैक्षणिक अनुभव ही मान्य होगा।
5. वर्तमान कार्यानुमति पूर्णतः अस्थाई रहेगी व किसी भी अन्य व्यवस्था के होने पर निरस्त मानी जावेगी एवं प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं बंधकारी होगा।
6. अंकसूची की छायाप्रति आवश्यक रूप से जमा करें।
7. जो मेंहमान प्रवक्ता इस संस्था में विगत सत्रों में अध्यापन कार्य किये है तथा उनके विरूद्ध छात्रों द्वारा कोई शिकायत की गई है अथवा कार्य संतोषजनक नही रहा कृपया वे इस सत्र हेतु आवेदन न भेजे।

प्राचार्य,
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
डिण्डौरी (म.प्र.)